**Chris Minns**
Premier of New South Wales

**Sophie Cotsis**
Minister for Industrial Relations
Minister for Work Health and Safety

**Steve Kamper**
Minister for Lands and Property
Minister for Multiculturalism
Minister for Sport
Minister for Jobs and Tourism

# Media Release

## न्यू साउथ वेल्स का पहला प्रवासी श्रमिक केंद्र (Migrant Workers Centre) खुलने के लिए तैयार है।

*गुरुवार, 21 मई 2026*

Minns की लेबर सरकार आज राज्य का पहला समर्पित Migrant Workers Centre शुरू कर रही है, जो इस केंद्र के निर्माण और इस राज्य के प्रत्येक श्रमिक की सुरक्षा में मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करता है, चाहे वे कहीं से भी आए हों।

प्रवासी श्रमिक लंबे समय से कम वेतन, असुरक्षित परिस्थितियों और खुलेआम शोषण के शिकार होते आ रहे हैं, जो राज्य-भर में श्रमिकों को मिलने वाले अधिकारों और सुरक्षा को कमज़ोर करता है।

आशा की जाती है कि Migrant Workers Centre सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील, और समुदाय-आधारित सहायता के माध्यम से, प्रति वर्ष 2,000 जोखिमग्रस्त श्रमिकों की मदद करेगा, Minns लेबर सरकार इन सेवाओं को प्रदान करने के लिए चार वर्षों में $6.5 मिलियन डॉलर (65 लाख डॉलर) देने का वादा कर रही है।

आप्रवास सलाह और अधिकार केंद्र (Immigration Advice and Rights Centre/IARC) के साथ वीज़ा असिस्ट साझेदारी के माध्यम से 3,000 से अधिक अस्थायी प्रवासी श्रमिकों को सहायता देते हुए, यूनियनस न्यू साउथ वेल्स (Unions NSW) ने पहले ही यह साबित कर दिया है कि क्या संभव है, यह न्यू साउथ वेल्स का एकमात्र ऐसा कार्यक्रम है जो एक ही छत के नीचे रोज़गार और आप्रवास संबंधी कानूनी सलाह प्रदान करता है।

संघीय सरकार, राज्य सरकार और मैकैल संस्थान (The McKell Institute) जैसी शोध संस्थाओं की कई रिपोर्टों ने सीमित अंग्रेज़ी, ऑस्ट्रेलियाई कार्यस्थल से जुड़े कानूनों के बारे में समझ की कमी और सहायता की अपर्याप्त पहुँच को शोषण के जोखिम कारकों के रूप में उजागर किया है।

सिडनी सीबीडी में एक कार्यालय और राज्यव्यापी पहुँच के साथ, यह केंद्र महानगर, क्षेत्रीय, ग्रामीण और दूरदराज़ के समुदायों में प्रवासी श्रमिकों के साथ जुड़ेगा, क्योंकि लेबर पार्टी का मानना है कि प्रत्येक श्रमिक सुरक्षा का अधिकार रखता है, चाहे वह कहीं भी रहता हो या कहीं से भी आया हो।

यह Minns लेबर सरकार द्वारा राज्य भर में श्रमिकों के अधिकारों को मज़बूत करने के लिए पहले से ही उठाए जा चुके कदमों में और योगदान देता है, जिनमें शामिल हैं:

- औद्योगिक मैनस्लॉटर (ग़ैर-इरादतन हत्या) को अपराध घोषित किया गया।
- निर्मित किए गए पत्थर पर प्रतिबंध लगाया, सिलिका श्रमिकों का एक रजिस्टर शुरू किया गया और सुरंग निर्माण कार्य के दौरान हवा में सिलिका की जाँच करने के लिए श्रमिकों की शक्तियों का विस्तार किया गया।
- पहली बार 'धौंस जमाने और यौन उत्पीड़न' (Bullying and Sexual Harrassment) से जुड़ी एक न्याय प्रणाली लागू की गई, जिसके तहत औद्योगिक संबंध आयोग (Industrial Relations Commission) को अधिकार दिए गए कि वे लागू करवाए जाने योग्य आदेश जारी कर सकें और क्षतिपूर्ति का आदेश दे सकें।
- और भी अधिक निरीक्षकों के साथ सेफ़वर्क (SafeWork) को एक 'स्वायत्त नियामक' के रूप में स्थापित किया गया।
- सेफ़वर्क के आदेशों का अनुपालन न करने पर जुर्माने में वृद्धि की गई।

न्यू साउथ वेल्स Migrant Workers Centre के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया https://www.migrantworkers.org.au/atp_nsw पर जाएँ

**न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर Chris Minns ने कहा:**

"न्यू साउथ वेल्स में प्रत्येक कर्मचारी को कार्यस्थल पर सुरक्षित रहने, उचित वेतन पाने और निष्पक्ष व्यवहार किए जाने का अधिकार है, फिर चाहे वे किसी भी पृष्ठभूमि के हों।"

"यह नया केंद्र श्रमिकों को उनके अधिकारों को समझने, कुछ ग़लत होने पर सहायता प्राप्त करने और उन उद्योगों में शोषण को रोकने में मदद करेगा जहाँ कमज़ोर श्रेणी के श्रमिकों का बहुत ही आसानी से फायदा उठाया जा सकता है।"

“जब श्रमिकों का शोषण होता है, तो इससे सभी के लिए स्थिति बदतर हो जाती है। इसीलिए यह न्यू साउथ वेल्स में मानकों, निष्पक्षता और कानूनी कार्यस्थलों को बनाए रखना महत्वपूर्ण है।”

**व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मंत्री Sophie Cotsis ने कहा:**

"सभी श्रमिकों को सम्मानपूर्वक व्यवहार किए जाने, उचित वेतन पाने और दिन के अंत में काम से सुरक्षित घर लौटने का अधिकार है।"

"हम जानते हैं कि कुछ उद्योगों में प्रवासी श्रमिकों का शोषण किया जा सकता है और किया जा रहा है, और यह नया केंद्र श्रमिकों को यह जानने में सहायता करेगा कि उनके कार्यस्थल पर उनके क्या अधिकार हैं और यदि उनके साथ निष्पक्ष व्यवहार नहीं किया जा रहा है तो सहायता प्राप्त करने में उनकी मदद करेगा।"

“हम श्रमिकों और यूनियनों की बात सुन रहे हैं, और न्यू साउथ वेल्स सरकार ने श्रमिकों के कार्यस्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए SafeWork NSW को चार वर्षों में 127.7 मिलियन डॉलर (12 करोड़ 70 लाख) देने की वचनबद्धता की है। इसमें निरीक्षकों की संख्या में अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि शामिल है, जिसके तहत 20 अतिरिक्त समर्पित मनोसामाजिक निरीक्षकों को तैनात किया गया है।”

**बहुसंस्कृतिवाद मंत्री Steve Kamper ने कहा:**

"मेहनती प्रवासी श्रमिकों ने हमारे राज्य को आज के स्वरूप में ढालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यही कारण है कि Minns लेबर सरकार न्यू साउथ वेल्स का पहला समर्पित Migrant Workers Centre शुरू कर रही है, क्योंकि निष्पक्षता के साथ अवसर देने का कोई भी अर्थ नहीं रह जाता यदि इन्हें समान रूप से लागू न किया जाए।"

"प्रवासी कामगारों को कम वेतन मिलना एक वास्तविकता है, असुरक्षित परिस्थितियों में उनसे काम लिया गया है, या उन्हें यह महसूस करवाया गया है कि वे अपने वीज़ा खोने के डर से शिकायत नहीं कर सकते हैं।"

"आज हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक प्रवासी श्रमिक  को अपने अधिकारों की जानकारी हो, और यदि वे शोषण का सामना कर रहे हैं, तो उन्हें आवाज़ उठाने में मदद मिले।"

**Unions NSW सचिव Mark Morey ने कहा:**

"Unions NSW लंबे समय से प्रवासी श्रमिकों की वकालत और सहायता करती आ रही है।"

"न्यू साउथ वेल्स Migrant Workers Centre का शुभारंभ, प्रवासी श्रमिकों के व्यवस्थित शोषण को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अगला कदम है।"

"न्यू साउथ वेल्स और ऑस्ट्रेलिया में सभी कामगार, चाहे वे कहीं से भी आए हों या उनकी वीज़ा स्थिति कुछ भी हो, सुरक्षित और निष्पक्ष कामकाजी परिस्थितियों के हकदार हैं।"

## मीडिया:

**Zack Solomon | Premier | 0414 638 904**

**Melissa van der Haak | Minister Cotsis | 0482 771 351**

**Elaine Kintis | Minister Kamper | 0419 184 392**